
जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।


एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।



# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑर्गेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ


# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

डॉ मोहित बंसल
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)



## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित

बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. रक्षा और अनुसंधान संगठन
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइज़र
4. शिक्षा और विश्वविद्यालय
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

1. कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. कॉर्पोरेट सेक्टर
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार

विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स

- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)




हिसार। रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते युवा। व सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

### नागरिकों ने देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की ली शपथ

# पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी में दौड़ा पूरा हिसार

राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य: कमल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि व पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर युवाओं को रवाना किया। रन फॉर यूनिटी के दौरान युवाओं में भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने उपस्थित जनसमूह को देश की एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा व खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों तथा प्रसिद्ध गायक विकास हरियाणवी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियां दी।

**नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाज में भाईचारा, समानता और विकास का संदेश फैलाएं**

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा जब हर नागरिक जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य करेगा। एकजुट भारत ही सशक्त भारत है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने गांवों और समाज में भाईचारा, समानता और विकास का संदेश फैलाएं। हरियाणा आज देश की एकता और प्रगति की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, डीएसओ नरेश सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, भूपेंद्र पनिहार, इंडियन स्पोर्ट्स संघ के उपाध्यक्ष नरेश नैन, संजीव रेवड़ी, आशीष जोशी सहित क्षेत्र के युवाओं, विद्यार्थियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




हिसार। सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य।

## 150वीं जयंती पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पड़ाव चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान को याद किया और राष्ट्रीय एकता के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण हम एक अखंड और एकजुट भारत के रूप में खड़े हैं। मेयर पोपली ने कहा कि युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपनाएं और देश की प्रगति में अपना योगदान दें।



हिसार। सभा को संबोधित करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

## भारत की अखंडता, दृढ़ता व आत्मसम्मान का

**हिसार।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का जीवन भारत की अखंडता, दृढ़ता और आत्मसम्मान का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर का दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है जब हमें इंदिरा जी के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का वचन देना चाहिए। जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया शुक्रवार को कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल और शहर-ग्राम के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए। सभा का आरंभ मौन रखकर हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रामनिवास घोडेला, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र गंगवा, धर्मवीर गोयत, प्रदेश प्रवक्ता अश्विनी शर्मा, दिलबाग ढांडा, राजकुमार सरपंच, प्रधान रणधीर बामल, डॉ. साक्षी, नवीन किरमारा, मनोज राठी, प्रीतम चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पटेल की 150वीं जयंती पर लगाया मेडिकल कैंप

**हिसार।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यादव धर्मशाला बरवाला चुंगी में गुर्जर कल्याण सभा की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कैंप में सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस स्वास्थ्य शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, सामान्य रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके साथ ही बीपी और शुगर जैसी जरूरी स्वास्थ्य जांचें भी निःशुल्क की गईं। जिसमें 110 लोगों ने आंखों की जांच करवाई, 75 लोगों ने दांतों की जांच करवाई और 105 लोगों ने सामान्य रोगों की जांच करवाई।




हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को स्मृति चिन्ह देते गुर्जर कल्याण सभा के पदाधिकारी।



नारनौंद। रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदय सिंह लोहान। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाई पटेल की जयंती

**नारनौंद।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती नारनौंद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित उपमंडलीय समारोह में मार्केट कमेटी के अध्यक्ष उदय सिंह लोहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त कार्यालय परिसर से विश्राम गृह तक 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उदय सिंह लोहान व एसडीएम विकास यादव ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में एसडीएम विकास यादव, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अनेक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसडीएम विकास यादव ने स्वयं नागरिकों के साथ दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। दौड़ का आयोजन उप मंडल परिसर से किसान रेस्ट हाउस तक किया गया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एनएसएस द्वारा रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने झंडी दिखाकर किया। डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए सरदार पटेल के आदर्शों और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी.एस. डागर तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोनों महाविद्यालयों के एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं ने अपने ए.एन.ओ. डॉ. विक्रम के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भागीदारी की।




हांसी। हरियाणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती स्कूल छात्राएं।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में हरियाणा दिवस

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता व हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के असेंबली ग्राउंड में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और राज्य के प्रति प्रेम का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और हरियाणा राज्य गीत से की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति और परंपरा को दर्शाने वाले गीत, नृत्य, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, किसानों की मेहनत, सैनिकों की वीरता और महिलाओं के योगदान पर आधारित प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य नितीश मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हरियाणा दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

## दयानंद कॉलेज में किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**हिसार।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दयानंद कॉलेज की एनसीसी आर्मी एवं गर्ल्स विंग के एनसीसी कैडेटों द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। दौड़ को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। इस अवसर पर कैडेटों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के समय देश की रियासतों का एकीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. हेमंत शर्मा व डॉ. मंजू शर्मा ने भी दौड़ में भाग लिया।



हांसी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं।

## श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में मनाई सरदार पटेल की जयंती

**हांसी।** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा में हरियाणा दिवस व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाई गई। विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणा की संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार सबसे सांझा किए तथा समूह नृत्य से सबको भाव विभोर कर दिया। शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा एकता और अनुशासन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां की। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने विद्यार्थियों को सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। शिविर की सफल संचालन में एनएसएस प्रभारी रमता रानी, उप प्राचार्या रिचा अरोड़ा व प्राध्यापिका कविता सैनी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, व सह- सचिव ईश्वर कुमार गोयल ने समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस की बधाई दी।

## भाषण प्रतियोगिता में आरती रही प्रथम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विचारोत्तेजक भाषण प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले में स्वयंसेवक आरती ने प्रथम स्थान, स्वयंसेवक योगिता ने द्वितीय स्थान तथा स्वयंसेवक मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामस्वरूप, डॉ. सुनिता, डॉ. विनिता आदि रहे।

### कुलपति को सौंपा पहला पर्यावरण अनुकूल लैंप

# छात्रों ने शुरू किया 3डी प्रिंटिंग स्टार्टअप

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी साहिल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के भरत ने मिलकर एक नवोन्मेषी 3डी प्रिंटिंग स्टार्टअप की शुरुआत की है। इस स्टार्टअप के तहत दोनों विद्यार्थियों ने कई डिजाइन और उत्पाद विकसित किए हैं। उन्होंने अपने स्टार्टअप द्वारा हाल ही में तैयार किया गया पहला 3डी प्रिंटेड लैंप विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को भेंट किया।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि गुजवि के विद्यार्थी न केवल तकनीकी रूप से सक्षम हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय ऐसे नवाचारी प्रोजेक्ट्स को हर संभव सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष डा. महेश कुमार, पीडीयूआईआईसी के उप निदेशक प्रो. विमल के.झा, कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा तथा ओएसडी संजय सिंह उपस्थित रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को पहला पर्यावरण अनुकूल लैंप भेंट करते विद्यार्थी।

### छात्रों ने बताई लैंप की विशेषताएं

विद्यार्थियों ने बताया कि इस लैंप की सबसे खास बात यह है कि इसे सामान्य प्लास्टिक की जगह पोलीलेक्टिक एसिड (पीएलए) सामग्री से बनाया गया है, जो जैव-अवक्रमणीय (बायोडिग्रेडेबल) और पुनर्चक्रणीय (रिसाइकलेबल) है। यह सामग्री मकई (कॉर्न) और गन्ने के अवशेष (सुगरकेन रेजीड्यू) से बनाई जाती है, जिससे यह पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल है। गौरतलब है कि यह सामग्री और तकनीक दोनों ही भारत में निर्मित हैं, जो 'मेक इन इंडिया' की भावना को सशक्त बनाती है।



हांसी। श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते एसपी अमित यशवर्धन

## श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल के विद्यार्थियों को एसपी ने किया जागरूक

**हांसी।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कृष्णा प्रणामी स्कूल के विधार्थियों को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व रोड़ सेफ्टी के बारे में जागरूक किया इस अवसर पर उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव, नशे के दुष्परिणामों और सड़क सुरक्षा (रोड सेफ्टी) के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का प्रयोग कर आम नागरिकों को ठगने की कोशिश करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट स्कीम, और फर्जी स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग ऐप्स जैसे खतरनाक साइबर फ्रॉड के उदाहरणों पर विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे "नशे को ना कहें, खेलों को हां कहें!" का संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाएं। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन राजपाल यादव प्राचार्य अनिल कुमार सहित सभी अध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर में परंपरा के रंग बचपन के संग, संस्कृति की छाया में मुस्कुराता बचपन थीम के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। पूरे सप्ताह चले इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता ने पारंपरिक मूल्यों, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अंतिम दिन कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के नन्हे प्रतिभागियों ने अपने अभिभावकों संग मंच पर अपनी सजीव मनमोहक प्रस्तुतियों दीं। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा अदिति खुराना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

## विज्डम स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण



**हिसार।** विज्डम स्कूल के कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने हाल ही में एक शैक्षणिक भ्रमण के तहत देश की राजधानी दिल्ली का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकों, विज्ञान, इतिहास और संस्कृति के बारे में व्यावहारिक जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बुक बाजार, नेशनल साइंस सिटी, इंडिया गेट और नेशनल म्यूजियम का भ्रमण किया। बुक बाजार में छात्रों ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों में गहरी रुचि दिखाई और नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। नेशनल साइंस सिटी में विद्यार्थियों ने विज्ञान के रोचक प्रयोगों और प्रदर्शनों को देखकर विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह प्रदर्शित किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर लुवास में किया पौधरोपण

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण एवं संपदा अधिकारी निदेशालय के अंतर्गत कार्यरत "प्राणवायु क्लब" द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन विश्वविद्यालय के नए कैंपस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा रहे।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छान ब्लॉक बरवाला जिला हिसार द्वारा पंचायत घर छान में पुराने पंचायत घर कमरों सहित व पुराना कुआं के साथ लगते कमरा व कमरे के ऊपर पानी की टंकी की नीलामी 4 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे की जाएगी। इस नीलामी से पूर्व प्रत्येक बोली दाता को पुराने पंचायत घर की धरोहर राशि 10000/- (दस हजार रुपए) और कमरे की 5000/- (पाँच हजार रुपए) जमा करवाने होंगे। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

सुनीता देवी
सरपंच, ग्राम पंचायत छान (हिसार)
मो.नं. : 94169-14391
रंजू देवी ग्राम सचिव,
ग्राम पंचायत छान (हिसार)

## खबर संक्षेप

### हकृवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 नवंबर से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 व 4 नवंबर को 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन 3 नवंबर को कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर करेंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### नेहरा खाप का राष्ट्रीय महासम्मेलन आज

**हिसार।** एक नवम्बर हरियाणा दिवस पर हिसार में होने वाले नेहरा खाप राष्ट्रीय महासम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस महासम्मेलन में देशभर के नेहरावंशी और सभी खापों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस विशाल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आयोजन में सभी गणमान्य व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व सिंचाई एवं शिक्षा मंत्री स्व. जगदीश नेहरा के पुत्र संदीप नेहरा और संजना सातरोड़ ने दी।

### दुकान में आगजनी के मामले में नामजद काबू

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव डाया स्थित शराब को दुकान में आग लगाने के मामले में नामजद आरोपी गांव के ही प्रदीप उर्फ मंडी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ उपरांत आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। भिवानी के गांव सिधानी निवासी रामकुमार ने बताया कि वह डाया गांव में शराब की दुकान चलाता है। रात लगभग 12 बजे उसका सैल्समैन सदीप दुकान पर सोया हुआ था। इसी दौरान दो तीन व्यक्तियों ने दुकान में पेट्रोल छिड़ककर उसके सैल्समैन को जान से मारने की नीयत से आग लगा दी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ टीम और थाना सिविल लाइन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गांव गोरछी निवासी गुरमीत, सोनू, अनूप और आशीष के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा 2 मोटरसाइकिल बरामद की है।

### गुजवि के नौ शिक्षक टॉप दो प्रतिशत में शामिल

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नौ शिक्षक दुनिया के टॉप दो प्रतिशत विज्ञानी श्रेणी में शामिल होने पर गुजवि गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। कुलपति ने गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों पर गर्व है, जिनका साइटेशन इतना हाई है। इस अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के उपप्रधान नेकीराम, महासचिव राममेहर दुहन, सचिव मनीष भारद्वाज व कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह दुड़ा मौजूद रहे।

---

निगम की फाइनेंस, कांटेक्ट एवं परचेज सब कमेटी की बैठक

# विभिन्न परियोजनाओं में भूमि की नीलामी करके आय में इजाफा करेगा नगर निगम

*निगमायुक्त नीरज ने बैठक में बताया कि अत्याधुनिक इको फ्रेंडली श्मशान भूमि के आगे के कार्य के लिए 4.98 करोड़ की अप्रूवल दे दी गई है*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में भूमि की नीलामी करके नगर निगम अपनी आय में इजाफा करेगा। निगम का मानना है कि इससे आय में बढ़ोतरी होने के बाद विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। नगर निगम ने यह फैसला शुक्रवार को मुख्य सभागार में हुई फाइनेंस, कांटेक्ट एवं परचेज सब कमेटी की बैठक में लिया।

■ आय बढ़ने से विकास कार्यों को मिलेगी गति

मेयर प्रवीण पोपली ने बैठक की अध्यक्षता की जबकि निगम आयुक्त नीरज ने संचालन किया। बैठक में आयुक्त ने निगम की आय व व्यय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सबसे पहले नगर निगम की आय को बढ़ाने के लिए सब कमेटी की इस बैठक में नगर निगम की वित्तीय स्थिति समीक्षा की गई। इसमें सहमति बनी कि वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए पोटर्ल के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में भूमि की नीलामी की जाए। इस कार्रवाई का उद्देश्य विकास कार्यो के लिए धन एकत्रित करना। इस प्रस्ताव को अनुमोदन करते हुए सब कमेटी ने स्वीकार कर लिया है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि सेक्टर 33, सेक्टर 3/5, सेक्टर 14 पार्ट 2, सेक्टर 1/4 यह सभी सेक्टर एचएसवीपी के अधीन आते हैं जिनमें रोड स्वीपिंग का कार्य करवाया जाना है। इसके लिए सरकार के नियमानुसार टैंडर लगवाकर कार्य करवाना है जिसमें प्रतिवर्ष लगभग 2.5 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। यह कार्य पांच वर्ष के लिए एजेंसी से करवाया जाएगा जिसमें 89 कर्मचारी और एक रोड स्वीपिंग मशीन शामिल है। उन्होंने बताया कि यह कार्य डिपॉजिट वर्कर करवाया जाएगा जिसका खर्च एचएसवीपी करेंगा। इसका प्रस्ताव सब कमेटी ने पास कर दिया है और इस कार्य की एडमिन अप्रूवल के लिए सरकार को भेजा जाएगा।



**हिसार ।** बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।

#### आय बढ़ाने के स्त्रोत पर कार्य करेंगे : पोपली

*मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि सब कमेटी की यह पहली बैठक हैं। जिसमें आय व व्यय के विषय पर विस्तार चर्चा हुई। शहर के सभी वार्डो में विकास कार्य चल रहे है। कुछ कार्यो के टेंडर भी अलॉट हुए है। जिन पर जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश के अनुरूप खर्च करना होगा। आय बढ़ाने के जितने भी स्त्रोत है उन पर कार्य किया जाएगा।*

#### शहर को गड्ढा मुक्त करने की शुरुआत

*हिसार। शहर को गड्ढामुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने ठोस कदम उठाते हुए अभियान की शुरुआत कर दी है। शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली ने दिल्ली रोड स्थित सेक्टर 9-11 मोड़ से गड्ढे भरने की शुरूआत की। इस अवसर पर पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, जेई संदीप काजल, आरडब्ल्यूए के प्रधान और क्षेत्रवासी आदि मौजूद रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि शहर को पूरी तरह गड्ढा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए नगर निगम ने 2 एजेंसियों को जोन वाइज दिया गया है। इसके लिए जोन 1 में वार्ड 1 से 4 और वार्ड 15 से 20 के कार्य है, जोकि एक्सईएन अमित कौशिक की देखरेख में होंगे। जाने 2 में वार्ड 5 से 14 के कार्य है जोकि एक्सईएन जयबीर डूडी की देखरेख में होंगे।*

#### दुकानदारों को दो दिन का समय दिया

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन ने पुरानी ऑटो मार्केट के दुकानदारों को दो दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि अगर इस अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाया तो निगम उनका सामान जब्त करेगा और वापस भी नहीं देगा। उधर, नगर निगम के तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि शुक्रवार को टीम ने अभियान की शुरुआत लोकल बस स्टैण्ड से अतिक्रमण हटाने से की। टीम ने पुरानी ऑटो मार्केट में बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकानों के बहार रखे भारी गडार, सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन इत्यादि को हटवाने की कार्रवाई शुरू की गई। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि पुरानी ऑटो मार्केट के व्यापारी को अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए 2 दिन का समय दिया गया है। अगर तय समय सीमा में उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर निगम इसको हटाने का काम करेगा और सामान जब्त भी किया जाएगा।

#### ऋषि नगर शमशाम घाट का कार्य प्रगति पर

निगमायुक्त ने बताया कि ऋषि नगर में अत्याधुनिक इको फ्रेंडली श्मशान भूमि के कार्य प्रगति पर है। अब आगे के कार्य के लिए 4.98 करोड़ की अप्रूवल दे दी गई है। निगमायुक्त ने बताया कि पूरे शहर के सभी वार्डो व कुछ सेक्टरों में रोड स्वीपिंग के कार्य के लिए पांच वर्ष के लिए 35 करोड़ रुपये टैंडर किया जाना है। इसमें पूरे शहर के रोड के सफाई कार्य करवाए जाएंगे। इस पर प्रतिवर्ष लगभग 7 करोड रूपये का खर्च आएंगा। उन्होंने बताया कि रोड स्वीपिंग व अन्य सफाई सम्बन्धित कार्य करवाने के लिए क्षेत्रफल हिसाब से हमें 987 कर्मचारियों की आवश्यकता हैं। अभी नगर निगम के 669 कर्मचारी रोड स्वीपिंग व सफाई से सम्बन्धित कार्य कर रहे है। टेंडर लगने के बाद एजेंसी के द्वारा 318 कर्मचारी और मिल जाएंगे। जोकि कमर्शियल पॉकेट व रोड स्वीपिंग के कार्य करेंगे। इसके लिए सब कमेटी ने प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए प्रस्ताव को एडमिन अप्रूवल के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा।

#### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में उपरोक्त के अलावा पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद ज्योति वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर, एससी सतीश गर्ग, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, एमई सुनील लाम्बा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम, अंशुल, ज्योति मौजूद रहे।

---

गुजवि में वॉलीबॉल चैम्पियनशिप

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की टीम बनी वॉलीबॉल चैंपियन


**हिसार ।** महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की वॉलीबॉल विजेता टीम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज का नाम आज एक बार फिर गर्व से ऊचा हुआ जब कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का ताज अपने सिर सजाया। कॉलेज की बेटियों ने फाइनल में एफसी कॉलेज को मात देकर वॉलीबॉल में विजय का परचम फहराया। वॉलीबॉल के साथ-साथ कॉलेज की बैडमिंटन टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। कॉलेज निदेशक डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि छात्राओं की मेहनत और अनुशासन ने दिखा दिया कि समर्पण से बड़ी कोई ताकत नहीं होती। उन्होंने कॉलेज बॉलीबाल टीम की कैप्टन अंजु सहित अक्षित, सलमा, मीनाक्षी, अंजु, प्रियंका, अंजना, कल्पना, किरण, मधु, तमन्ना और ज्योति सहित कोच अजय एवं सुरेश कुमार के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा व कॉलेज के चेयरमैन भारत भूषण ने विजेता बेटियों को बधाई दी है।

## महिला कॉलेज की बास्केटबॉल टीम ने पाया प्रथम स्थान

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में भाग लिया। महाविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने इस इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. सतबीर सिंह सांगा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की बास्केटबॉल टीम में छात्रा सोनिका, गीता, सपना, निशा, जाग्रति, कोमल, गरिमा, लक्षिका, और निशा में शामिल रही।

■ इंटर कॉलेज टूर्नामेंट का आयोजन

इस टीम का नेतृत्व डॉ. राकेश कुमार और सुनीता, स्पोर्ट्स प्रभारी ने किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को कालेज के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

## पति पर जबरन गर्भपात करवाने का केस दर्ज

■ मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

बास क्षेत्र के एक गांव की एमबीए पास नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने, स्त्रीधन कब्जाने और जबरन गर्भपात कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर बास पुलिस ने जांच के बाद पानीपत जिले के गांव लाखु बुआना निवासी असेज के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

नवविवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 7 मार्च 2024 को अजेश से हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए थे, साथ ही सोने-चांदी के गहने और एक लाख रुपये नकद दिए थे। शादी के कुछ दिनों बाद ही पति, सास, ससुर और ननद ने गाड़ी की मांग शुरू कर दी। जब उसने अपने घरवालों की आर्थिक स्थिति का हवाला दिया तो ससुराल पक्ष ने उसे ताने मारने शुरू कर दिए और मारपीट भी की। उन्होंने बताया कि जून 2024 में जब उसने बताया कि वह गर्भवती है, तो सास और पति ने कहा कि उन्हें अभी बच्चा नहीं चाहिए। इसके बाद कथित रूप से उसे बुखार की गोली बताकर गर्भपात की दवा दे दी गई, जिससे उसका गर्भ गिर गया। अगस्त 2024 में उसे मायके भेज दिया गया और कहा गया कि जब तक कार नहीं मिलेगी, तब तक उसे ससुराल में नहीं रखा जाएगा। उसके पिता ने कई बार समझौते की कोशिश की, यहां तक कि दिसंबर 2024 में पुलिस थाने में भी सुलह हुई, लेकिन उसके बावजूद पति उसे लेने नहीं आया।

## डेयरी से सामान चोरी के मामले में 9 काबू

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने बरवाला चुंगी स्थित डेयरी से घी और सामान चोरी के मामले में महिलाओं सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजनगर टोहाना निवासी गीता, सपने, निशा, रानी, बंजारी, ममता, गीता, ममता और भाट बस्ती टोहाना निवासी संदीप के रूप में हुई। जांच अधिकारी कमलेश ने बताया कि पड़ाव चौकी में बरवाला चुंगी पर स्थित लक्ष्मी डेयरी संचालक सुभाष चंद्र ने उसकी डेयरी से घी और सामान चोरी के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 29 अक्टूबर की रात में अपनी दुकान को बंद करके घर गया था। जब वह अगली सुबह लगभग सात बजे दुकान पर पहुचा तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान में जाकर देखा तोकरीब 15 किलो देशी घी और कुछ डेयरी के बर्तन व सिल्वर के पतीले गायब थे। पुलिस ने शिकायत पर शहर थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## एससी आयोग के अध्यक्ष ने जन शिकायतें सुनीं

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में शुक्रवार को हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र बलियाला ने आयोग में विचाराधीन मामलों तथा जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उनके साथ आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बडगुज्जर, सदस्य रत्न लाल बामनिया, मीना नरवाल तथा पारा राम विचाराधीन, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, नगराधीश हरिराम, नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोग द्वारा जिले से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित जन शिकायतों की सुनवाई कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान कुल 41 शिकायतों पर सुनवाई की गई, जिनमें 37 शिकायतें हिसार तथा 4 शिकायतें हांसी की शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य शिकायतों की भी सुनवाई की गई। आयोग अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा एवं उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव के मामलों में आयोग कड़ी कार्रवाई करेगा।


**हिसार ।** आयोग में विचाराधीन मामलों तथा जन शिकायतों की सुनवाई करते आयोग के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## विस चुनाव के नतीजे नहीं हो रहे हजम : बृजेंद्र

**हिसार।** सद्भाव यात्रा पर निकाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव का नतीजे किसी को हजम नहीं हो रहे। नतीजे न नेताओं को हजम हुआ और न ही कार्यकर्ताओं को। कांग्रेस की सरकार नहीं बनने के कारण कार्यकर्ताओं में काफी मायूसी हुई। पूर्व सांसद शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि हरियाणा में सबसे बड़ा राजनीतिक दल कांग्रेस पार्टी है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट जरूर मिला लेकिन ग्रामीणों क्षेत्रों में उनकी जड़ें नहीं हैं। भाजपा समाज के अंदर विभाजन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन न होने का नुकसान विधानसभा चुनाव में हमें उठाना पड़ा। संगठन न बनने देने की परिस्थितियां कांग्रेस नेताओं ने ही पैदा की। बाद जिसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ा। अब कांग्रेस का संगठन गया है। सब अच्छा होगा थोड़ा सा सब्र रखिए। सद्भाव यात्रा से पार्टी के ही नेताओं द्वारा दूरी बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह सारे बहुत जरुरी काम लगे हुए हैं। 12 साल से आदतें बिगड़ी हुई है। जिसको सुधरने में कुछ समय लगेगा। हिसार के एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बता कर आसपास की जमीनों के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। जब तक जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम पूरा नहीं होता तब तक हिसार के एयरपोर्ट पर फोकस होने की उम्मीद कम है।


**हिसार ।** सद्भाव यात्रा में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## गुजवि में अभिभावक-शिक्षक संवाद का आयोजन किया

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में अभिभावक-शिक्षक संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं माता-पिता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं फीडबैक की जानकारी दी जा सके। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रामसिंह बेनीवाल एवं डॉ. अरविंद रहे, जिनके सक्रिय प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विशेष रूप से डॉ. विनोद कुमार, डॉ. रोहित, डॉ. रीत बिश्नोई, डॉ. कविता, डॉ. बिंदु एवं सरोज ने समयबद्ध और सुचारु रूप से कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

मां संतोषी आश्रम का रजत जयंती समारोह जारी

## आज से 4 नवंबर तक नृत्य नाटिका

■ मां शब्द परम सिद्ध, परम शुद्ध व परम सात्विक नाम : संतोषी माता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

मां संतोषी आश्रम के रजत जयंती समारोह में चल रही 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा में चतुर्थ दिवस अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए मां शब्द की सार्थकता व शक्ति से परिचय करवाया।

उन्होंने कहा कि मां शब्द परम सिद्ध, परम शुद्ध व परम सात्विक नाम है। मां की व्याख्या करने के लिए केवल मां शब्द ही पर्याप्त है। हृदय की गहराई से पुकारने वाले भक्त की पुकार मां अवश्य सुनती है। इसलिए निष्छल व निष्पाप होकर मां भगवती की आराधना करनी चाहिए। मां भगवती की आराधना से बुद्धि निर्मल होती है और चित स्वच्छ हो जाता है। श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में चतुर्थ दिवस हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मंडलायुक्त अशोक गर्ग, पार्षद डॉ. सुमन यादव, जी. डी. गोयल व अजय गोयल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। शक्ति सत्संग सभा के कोषाध्यक्ष लोकनाथ सिंगल ने व्यास पीठ पर विराजमान महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता को तिलक करके अभिनंदन किया। रजत जयंती समारोह में कार्यक्रमों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए 1 से 4 नवंबर तक प्रतिदिन देवी-देवताओं की गाथाओं व प्रसंगों पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने प्रवचन करते हुए अभिमान से बचने का आह्वान किया।



**हिसार।** मां संतोषी आश्रम के रजत जयंती समारोह में उपस्थित मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मंडलायुक्त अशोक गर्ग व अन्य अतिथिगण।

## एमपीएचई का सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन 6 को

■ वर्षों से लंबित हैं स्वास्थ्य महिला कर्मियों की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

एमपीएचई एसोसिएशन की बैठक जिला प्रधान विकास संदलाना की अध्यक्षता में हुई।

जिला प्रधान ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन में कार्यरत बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मियों की वर्षों से लंबित मांगों जैसे सरकार द्वारा नियमितीकरण की नीति बनाना, पक्के कर्मचारियों की तर्ज पर 4200 वेतनमान देना, वर्दी भत्ता व यात्रा भत्ता सहित सेवानिवृत राशि की व्यवस्था करवाना के लिए राज्य कमेटी के आह्वान पर आने वाली 6 नवंबर को पूरे प्रदेश में सिविल सर्जन कार्यालय पर हरियाणा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे और जिला हिसार में भी एमपीएचई एसोसिएशन से सभी कच्चे-पक्के कर्मचारी मिलकर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी और सिविल सर्जन के मार्फत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रेस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि कई वर्षों से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य महिला कर्मियों की मांगे लंबित है, जबकि पक्के कर्मचारी की तर्ज पर ही कच्चा कर्मचारी समान कार्य करता है।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में राज्य कमेटी सदस्य सुदेश पुनिया, जिला सचिव रविन्द्र पेटवाड़, कैशियर बजरंग सोनी, अमना, सीमा बेनीवाल, प्रवीण सरोहा, जितेन्द्र मलिक, सुरेंद्र नरवाल, नूर मोहम्मद उपस्थित रहे।